सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 16 मई, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में हाल ही में घोषित हुए सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा सुश्री काव्या नेगी ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर काव्या नेगी को बधाई दी, और इस उपलब्धि एवं सहज स्वभाव के लिए प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि अपने मेहनत और समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है और दूसरों के लिए एक प्रेरणा बन गई हैं। यह सफलता आपके उज्ज्वल भविष्य का प्रारंभिक चरण है। इस अवसर पर शिक्षांकुर द ग्लोबल स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती रचना जोशी भी उपस्थित रहीं।

...............0.................